nandgaon times JULAI-12-1.qxd 7/12/2025 12:02 AM Page 1

वृक्षारोपण कर गुरुपूर्णिमा... पृष्ठ 2
जिलाध्यक्ष भागवत साहू के... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 12 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 262, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए


।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।




# पुलिस अफसरों को प्रमोशन, छात्र स्टार्टअप नीति को मंजूरी

## कैबिनेट की बैठक : पुरानी गाड़ियों के नंबर नए वाहन में ट्रांसफर हो सकेंगे

**रायपुर।** मानसून सत्र से पहले शुक्रवार को साय कैबिनेट की बैठक हुई। छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 2005-2009 बैच के अफसरों को सीनियर सिलेक्शन ग्रेड पे स्केल देने 30 पद स्वीकृत किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में पुरानी गाड़ियों के नंबर नए वाहनों में ट्रांसफर हो सकेंगे। शासकीय वाहनों पर शुल्क नहीं लगेगा।

इसके अलावा, छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति को मंजूरी मिली है। 100 संस्थानों में 50 हजार छात्रों तक पहुंच बनाना होगा। 150 स्टार्टअप को सपोर्ट मिलेगा। राजधानी क्षेत्र प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी मिली है। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और नया रायपुर के विकास के लिए। मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक चलेगा। इस सत्र में हंगामे के आसार हैं। इस दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। प्रदेश में खाद और क्राइम के मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। विधानसभा में विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों के भी तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं। इससे पहले 30 जून को साय कैबिनेट की बैठक की गई थी। बैठक में कृषक उन्नति योजना, पेंशन भुगतान और पेंशन फंड समेत कई अहम फैसले लिए गए। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लॉजिस्टिक हब बनाने, भंडारण क्षमता बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी मिली थी।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की शुक्रवार



को हुई बैठक में अहम अनुशंसाएं की गई, जिनका दूरगामी असर होगा. इसमें से एक छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक है, जिससे अंतर्राज्यीय लेनदेन में इनपुट सेवा वितरक के नियम और प्रभावी होंगे, वहीं छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक से अवैध प्लाटिंग पर लगाम कसी जाएगी. विधानसभा के मानसून सत्र से पहले साय सरकार की मंत्रालय (महानदी भवन) में हुई यह बैठक काफी महत्वपूर्ण रही. इसमें मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के उचित प्रबंधन हेतु अर्हकारी सेवा अवधि पूर्ण कर चुके वर्ष 2005, 2006, 2007, 2008 तथा 2009 बैच के अधिकारियों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किये जाने हेतु 30 सांख्येतर पद निर्मित कर वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने का निर्णय लिया गया. वहीं मंत्रिपरिषद द्वारा जनजातीय समूहों एवं अन्य वंचित वर्गों के गरीब युवा, महिलाओं एवं तृतीय लिंग के लोगों के संस्थागत विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन एवं पैन आईआईटी एलुमनी रीच फॉर इंडिया फाउंडेशन के मध्य एक गैर-लाभकारी संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन को मंजूरी प्रदान की गई. इस ज्वाइंट वेंचर कंपनी के माध्यम से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वंचित समुदायों के गरीब युवाओं, महिलाओं एवं तृतीय लिंग के लोगों को संस्थागत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता के माध्यम से सशक्त एवं विकसित किया जाएगा. छत्तीसगढ़ शासन एवं पैन आईआईटी का ज्वाइंट वेंचर वंचित समुदायों के विकास के लिए आदिवासी उपयोजना, अनुसूचित जाति उपयोजना आदि के अप्रयुक्त फंड का अभिसरण कर आजीविका एवं सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए कार्य करेगा. कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य पैन आईआईटी द्वारा किया जाएगा. प्रशिक्षित युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कौशल के साथ फॉरेन लैंग्वेज सिखाने का कार्य किया जाएगा.

# डॉ.रमन सिंह द्वारा अभिषेक सिंह और सुमित भाटिया के प्रयासों से कैंसर पीड़िता को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कुछ दिनों पहले मेरे द्वारा सोशल मीडिया में चिखली निवासी कैंसर पीड़िता महिला के संबंध में एक समाचार चलाकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई गई थी, जिसे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा संज्ञान में लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से चर्चा कर एक लाख रुपए सहायता अनुदान की बात कही थी। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया ने मुझसे संपर्क कर पीड़िता का घर एवं उसकी आर्थिक स्थिति देख पीड़ित महिला की मदद के लिए लगातार प्रयास किया और आज अंत: पीड़िता महिला को माननीय डॉ.रमन सिंह जी द्वारा पूर्व सासंद अभिषेक सिंह और सुमित भाटिया जी के प्रयासों से पीड़ित महिला के घर पहुंचकर एक लाख का चेक दिया गया। माननीय डॉ.रमन सिंह,अभिषेक सिंहजी और सुमित भाटिया जी को ढेर सारा साधुवाद। अत्यंत गरीब आर्थिक तंगी से जीवन जी रही चिखली निवासी महिला का घर चलाना और बच्चों की परवरिश करना दूभर हो रहा था वैसे में महिला को कैंसर जैसी बीमारी का जकड़ना मानो जीने की पूरी उम्मीद ही परिवार ने खो दी थी, ऐसे में माननीय डॉ.रमन सिंह जी द्वारा महिला को एक लाख की आर्थिक मदद देकर संजीवनी का काम कर दिया, पीड़ित महिला के जीने की टूटी आस को जीने बड़ा सहारा मिल गया, वहीं समाचार को देखते ही समाजसेवी भावेश बैंद जी द्वारा पीड़ित महिला को तत्काल एक माह का राशन मेरे द्वारा पीड़ित के घर भिजवाया गया। भावेश बैंद जी को भी मेरी तरफसे साधुवाद।

# सूखा से प्रभावित गांवों को लमती फीडर की संजीवनी मिलने पर डॉ रमन सिंह को धन्यवाद देने सैकड़ों ग्रामीण रायपुर पहुंचे

## विकास की गंगा को लाने का भागीरथ प्रयास डॉ रमन सिंह ने किया - कोमल सिंह राजपूत



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा के इस 41 गांव जो कि विगत लंबे समय से सूखे से प्रभावित थे जहां पानी की लगातार कमी के कारण फसल चक्र प्रभावित होती थी और सूखे की मार के कारण इन गांवों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और वर्षों से चली आ रही समस्या के कारण गांव वालों ने इसे नियति मान लिया थाए डॉ रमन सिंह के अथक प्रयासों के कारण अब लमती फीडर डैम परियोजना के कारण इन गांव में पानी आने से खुशहाली लौट आई है जिसके चलते अब गांव वालों की आने वाले समय में स्थिति सुधारने लगेगी इसलिए गांव वालों ने डॉ रमन सिंह के इस माह प्रयासों को ईश्वर तुल्य मानते हुए उन्हें धन्यवाद देने की मानसिकता से सभी गांव से सैकड़ों लोग शंकर नगर स्थित स्पीकर हाउस रायपुर पहुंच कर डॉ रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और ग्रामीणों ने कहा कि गांव के बुर्जुगों ने इस हेतु वर्षों पहले बहुत प्रयास किया था परंतु शासन प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिलने से उन्होंने ऐसे नियति मानते हुए सभी प्रयास बंद कर दिए परंतु डॉक्टर रमन सिंह जैसे संवेदनशील विधायक ने माह पूर्व समस्या की ओर स्वस्फूर्त ध्यान दिया और समस्या से मुक्ति दिलाये ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या के निजात दिलाने की वजह से वे सभी डॉ रमन सिंह के जीवन भर आभारी रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि लमती फीडर परियोजना न केवल जल संसाधन प्रबंधन में एक बड़ा कदम है बल्कि समृद्ध गांव सशक्त किसान के संकल्प की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है श्री राजपूत ने बताया कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने इस दिशा में कठिन प्रयास किया और लगातार इस योजना को मूर्त रूप देने में डटे रहे उन्होंने कई बैठकें की और लगातार प्रयास से यह कठिन कार्य संभव हो सका। राजपूत ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और संतोष पांडे को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।श्री राजपूत ने कहा कि 41 में 10 गांव अत्यंत सूखा क्षेत्र घोषित थेए जिनमें से प्रमुख रूप से बम्हनीए धनगांवए सुकुलदेहानए गातापारएबागतराईए डीलापहरीए धर्मापुरए ढाबा बारगाही और लिटिया शामिल है। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत महामंत्री सौरभ कोठारी मंडल अध्यक्ष मनोज साहूए खिलेश्वर साहूए रोहित चंद्राकर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर अशोक देवांगन विवेक साहू जनपद उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा टिकेंद्र सिन्हा रमेश चंद्राकर आकाश चोपड़ा कृष्णा साहूए बलराम निर्मलकर जिला पंचायत सदस्य देवी कुमारी साहूए मोतीराम देवांगन पुष्पा गायकवाड पुष्पा उइके हरिशंकर देशमुख हेम दीप साहूए हीरालाल वर्मा अजय लता सिन्हा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा अनिल सिंह जनपद सदस्य पूर्णिमा साहूए रामकृष्ण साहू गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# महाकाल मंदिर सिंघोला से 3000 बेलपत्र पौधों का निः शुल्क वितरण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सिंघोला संस्कारधानी राजनांदगांव के सिंघोला ग्राम में स्थित महाकाल मंदिर एवं महाकाल सेना द्वारा एक विशेष धार्मिक एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस पावन अवसर पर



महाकाल जी को चढ़ने वाले बेलपत्र के 3000 पौधे श्रद्धालुओं के बीच नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम महादेव जी से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महाकाल सेना द्वारा यह अनोखी पहल सावन माह से प्रारंभ की जा रही है, जब पूरे नगर में धार्मिक वातावरण रहता है और महादेव की आराधना का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक महत्व को सुदृण करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। महाकाल सेना ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इन पौधों को घरों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में लगाकर हरियाली एवं आस्था दोनों को मजबूत करें।

# लगातार बारिश होने से फिर पानी में बह गया पुल




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुरमुंदा जामरी नदी पानी में बहा ग्राम जामरी में मुड़पार से जामरी जाने वाले रोड की नदी पानी में बह गया लगातार बारिश होने के कारण ग्रामीण से मिली जानकारी अनुसार ये नदी पीछे साल से टूट गया है लेकिन जिम्मेदारी अफसर मिट्टी डलवाकर अपना आऊचारिकता निभा लिया मगर इस साल लगातार बारिश होने से फिर बह गया नदिया में पूरा दरार आ गाया है कभी भी टूटने का भय है जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है जिम्मेदार अफसर छुपी सादे हुए हैं लगातार रेत माफिया इसी रोड से भारी भारी रेत परिवहन कर रहे थे इसीलिए नदी में दरार आ गया था फिर बारिश से बह गया ग्रामीण ने बताया कि आवागमन पूरा बंद हो गया है ग्रामीण समान राशन आदि खरीद के लिए मुरमुंदा आते हैं और स्कूल बच्चे भी का आवागमन बंद हो गए है गांव के लोग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्कूली बच्चों का पढ़ाई बर्बाद हो रह है इक साल के भीतर इस नदी का मरम्मत नहीं करवा पाया ग्रामीण ने जल्द पुल निर्माण करने का आश्वासन दिया गाया है इस रोड से आना जाना पूरा बंद है।

# धानापायली नाला में बाढ़, 5 दिनो से चौकी सेम्हरबांधा मार्ग में आवागमन ठप्प, पुल निर्माण की मांग दो दशक में नही हुई पुरी

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** धानापयली नाला में बाढ के चलते सोमवार से अंबागढ चौकी को सेम्हरबांधा व धानापायली को जोडने वाली मार्ग में आवागमन ठप है। 96 घंटे से नाला में बाढ के वजह से आवाजाही बंद होने से इन दोनो गांव के तीन हजार से अधिक की आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। परेशान ग्रामीणो ने शासन प्रशासन से नाला में पुल निर्माण की मांग की है।

रविवार से बुधवार तक क्षेत्र में निरंतर हुई बारिश से धानापायली नाला में बाढ है। इस नाला में पुल से पांच से छैः फीट उपर पानी बह रहा है। नाले से लगे खेत खलिहान पुरी तरह जलमग्न हो गए है। इससे नाला के आगे बसे ग्राम धानापायली व सेम्हरबांधा का सडक संपर्क अंबागढ चौकी से टूट गया है। इन दोनो गांवो के ग्रामीणो को ब्लाक मुख्यालय से संपर्क बनाए रखने के लिए भडसेना हाथीकन्हार के रास्ते से दस किमी. अतिरिक्त यात्रा तय करनी पड रही है। जिससे यंहा के निवासियो को काफी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणो ने बताया की हर दिन इस गांव के सैकडो लोगो को मजदूरी, खरीदी एवं कामकाज के सिलसिले में आना जाना पडता है और स्कूल कालेज में पढाई के लिए भी गांव के काफी बच्चो को रूटीन में चौकी आना पडता है। लेकिन नाला में बाढ के चलते सोमवार से ग्रामीणो के साथ साथ स्कूल कालेज आने वाले का चौकी आना थम गया है।

**बाढ से हर वर्ष पंद्रह दिन रहता है आवाजाही ठप**

ग्राम पंचायत सेम्हरबांधा के सरपंच राजू परतेती ने बताया की धानापायली नाला में बाढ कोई इस वर्श की ही समस्या नही है। ऐसा हर साल होता है और हर वर्ष नाला में बाढ के वजह से सेम्हरबांधा धानापायली को चौकी को जोडने वाला सडक अवरूद्ध रहता है। उन्होने बताया की पिछले दो दशक से इस समस्या को लेकर खासे परेषान है। हर वर्श बारिश के समय नाला में बाढ के चलते दस से पंद्रह दिन मार्ग में आवागमन ठप रहता है। इससे इन दोनो गांव के तीन हजार से अधिक की आबादी को कई तरह की परेशानियो का सामना करना पडता है। सबसे अधिक मुश्किलें स्कूली बच्चो एवं महिलाओ को उठानी पडती है। पुरुष वर्ग तो किसी तरह अन्य मार्गो से चौकी पहुच जाते है। लेकिन महिलाओ व बच्चो को दूसरे रास्ते से षाम होने से गांव पहुचना पडता है।



तीन हजार की आबादी को चौकी से संपर्क बनाए रखने 10 किमी. का अतिरिक्त चक्कर

**20 वर्षो में नही हुआ पुल निर्माण**

धानापायली नाला में पुल निर्माण की मांग पिछले दो दशक से हो रही है। यंहा पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की मांग डॉ रमन सिंह की सरकार के समय से हो रही है। कांग्रेस के भूपेश सरकार में भी यह मांग प्रमुखता से उठा। लेकिन हर सरकार में सत्ता पक्ष के नेताओ से पुल निर्माण करने का वायदा हुआ लेकिन पुल निर्माण के लिए किसी ने मंजूरी नही दिलाई। आज भी इन गांवो में जब कोई नेता पहुचते है तो ग्रामीणो द्वारा यह मांग जोर शोर से उठाया जाता है। लेकिन बात आश्वासन के आगे अधिक बढ नही पाती है। ग्राम के कमलेश सिन्हा, रमेश कुमार, शांतिलाल, हुमन साहू ने बताया की नाला में पुलिया तो बना हुआ है लेकिन ढाई दशक पूर्व बने इस पुलिया में ऐसी तकनीकी खामिया है की हमेशा बाढ के समय नाला में पुलिया से पांच छैः फीट उपर पानी रहता है।

**आंदोलन के बाद भी पुरी नही हुई मांग**

धानापायली नाला में पुल निर्माण की मांग को लेकर सेम्हरबांधा व धानापयली के ग्रामीणो ने ग्राम विकास समिति एवं संघर्ष मोर्चा के बैनर तले समय समय पर धरना प्रदर्षन व चक्काजाम का आंदोलन भी किया है। ग्रामीणो के अलावा छग की दोनो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस व भाजपा के नेताओ व पार्टी संगठन ने विपक्ष में रहने के दौरान धानापायली नाला में पुल निर्माण के मुददो को काफी भुनाया भी है। लेकिन दोनो ही पार्टी की सरकारो के दौरान पुल निर्माण की स्वीकृती नही मिली। अब ग्रामीण भाजपा के विष्णुदेव साय सरकार से उम्मीद लगाए हुए है। ग्रामीणो ने इस बार भी बरसात निकलने के बाद उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**चौकी से संपर्क के लिए दस किमी. का अतिरिक्त चक्कर**

धानापायली व सेम्हरबांधा गांव की दूरी चौकी नगर से मात्र दो व तीन किमी से अधिक नही है। लेकिन जब नाला में बाढ होता है तो इन दोनो गांवो के ग्रामीणो को चौकी अप डाउन के लिए भडसेना हाथीकन्हार मार्ग से चौकी नगर आना जाना पडता है। इससे चौकी नगर की दूरी दस किमी अधिक बढ जाता है। इसके अलावा इस रूट में भडसेना से सेम्हरबांधा तक कच्ची सडक, जंगल व सूनसान रास्ता होने के कारण इस रूट में महिलाओ व बच्चो का अकेले सफर किसी जोखिम से कम नही होता है। इसलिए यंहा के निवासियो को इस मार्ग में आवाजाही करने में काफी परेशानियो का सामना करना पडता है।

nandgaon times JULAI-12-1.qxd 7/12/2025 12:02 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) भारत के कौन प्रधानमंत्री मांडा के 41 वें राजा बहादुर थे?*

*2) बीच गेम्स 2024 कहाँ आयोजित किया गया?*

*3) 12 जनवरी 2024 को जापानी सरकार द्वारा लॉन्च किए गए सूचना संग्रह उपग्रह का क्या नाम है?*

*4) विश्व का पहला समाचार पत्र किसने प्रकाशित किया?*

*5) हाल ही में जिनका निधन हुआ, जोधैया बाई किस भारतीय जनजातीय समुदाय से संबंधित थीं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विश्वनाथ प्रताप सिंह (2) दीव (3) ऑप्टिकल-8 (4) जौहान कैरोलस (5) बैगा जनजाति

# जिलाध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में बड़ी संख्या में शामिल हुए जिला साहू संघ के पदाधिकारीगण

## बायलॉज के लिए कार्यशाला आयोजित किया जाये -भागवत साहू, छ.ग.प्रदेश साहू संघ के नियमावली संसोधन आमसभा कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रायपुर टीकरापारा स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के विशाल प्रांगण में आज प्रदेश संयोजक डॉक्टर नीरेंद्र साहू,उप मुख्यमंत्री अरुण साव ,केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू दीपक ताराचंद साहू,विधायक मोतीलाल साहू,पूर्व विधायक छन्नी साहू की एवं सामाजिक पदाधिकारियों की गरिमामय उपास्थि में आज सामाजिक नियमावली संसोधन को लेकर आमसभा आयोजित किया गया।राजधानी स्थित प्रदेश साहू संघ के कार्यालय के समिप वृहद प्रांगण में सामाजिक नियमावली संसोधन आमसभा कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में में जिले भर के पदाधिकारियों ने उपास्थि प्रदान करते हुए समाज हित में रचनात्मक सुझाव दिए गए।जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि इस महत्वपूर्ण सामाजिक नियमावली संसोधन आमसभा कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने बारी-बारी से मंचस्थ अतिथिगणों के समक्ष अपने यथा स्थान पर से ही खड़े होकर माईक्रोफोन के माध्यम से सुझाव रख अपने विचारों से अवगत कराते हुए उन सुझावों को लिपिबद्ध करने का आग्रह किया गया।जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने बायलॉज को लेकर प्रदेश से लेकर जिलों में कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव प्रस्तुत किया ताकि समाज के लोग सामाजिक नियमावली के आधार पर समाज का क्रियान्वयन करने पर बल दिया।सामाजिक संसोधन आमसभा का आरंभ सामाजिक जनों के द्वारा भक्त शिरोमणी संत कर्मा माता जी की पूजा अर्चना कर की गई।इस दौरान सर्व श्री डॉ. नीरेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल साहू ,भागवत साहू, संरक्षक -कमल किशोर साहू,महामंत्री- नीलमणी साहू, सहित जिला साहू संघ के तहसीलों के पदाधिकारी एवं प्रदेश के आजीवन सदस्यों की मौजूदगी रही।उक्ताशय की जानकारी जिला साहू संघ मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू ने दी।




## गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक मुकुंद कृष्ण जी महाराजराका वाले के सानिध्य मे माड़वारी धर्म शाला डोंगरगढ़ पर गुरु शिष्य परिवार द्वारा सम्पन्न हुआ गुरु आगमन की प्रतीक्षा करते करते गुरु दर्शन कर आंनद हुआ गुरु जी ने अपने वक्तव्य में कहा गुरु कृपा एक अनमोल आशीर्वाद है, जो सच्चे समर्पण, सेवा, और भक्ति से प्राप्त होती है। गुरु की कृपा से जीवन में सुख, समृद्धि, और आध्यात्मिक उन्नति होती है। व्यक्ति को 'माया' (संसार की भ्रामक शक्तियों) से छुटकारा पाने और 'ब्रह्म' (ईश्वर) को पहचानने की शक्ति मिलती है। सभी शिष्य परिवार वक्तव्य को सुनकर बहुत ही आनंद विभोर हुए एवं गुरु पद पूजन का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## स्वयं भू प्रगटित मां शारदा मंदिर नेवारा पहाड़ी में हवन कार्य सम्पन्न

**किरनापुर( नांदगांव टाइम्स )।** गुप्त नवरात्र से प्रारंभ विशेष अनुष्ठान गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हवन कार्य के साथ सम्पन्न हुआ। गुप्त नवरात्र में सवनी आश्रम के प्रसिद्ध पुराण वाचक एवं पुजारी मां शारदा मंदिर नेवारा पहाड़ी किरनापुर के द्वारा मां शारदा नेवारा को मानने वालों की मनोकामना पूर्ण होने, भारत की सुख, समृद्धि, विकास, विश्वास, भारत हिन्दू राष्ट्र घोषित होने, भारत को कमजोर करने वाली विरोधी पार्टियों की शक्ति क्षीण होने एवं भारत को विश्व गुरु बनने विशेष अनुष्ठान का गुरु पूर्णिमा के दिन हवन के कार्यक्रम से भक्तों के द्वारा सकुशल संपन्न किया गया।



## शशि कुमार देवांगन(सनसनी )बने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वरिष्ठ पत्रकार शशि कुमार देवांगन को अखिल भारतीय विधवा दिव्यांग संघ महिला सुरक्षा सेना का छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार की गई है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनमोल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री देवांगन को प्रदेश संगठन के विस्तार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें राज्यस्तरीय कार्यकारिणी के गठन के साथ-साथ जिला एवं प्रखंड स्तरीय समितियों के गठन की जिम्मेदारी शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, राष्ट्रीय सचिव दीपक घोसला सहित अनेक राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों ने श्री देवांगन को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शशि कुमार देवांगन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संगठन और अधिक सशक्त, सक्रिय और प्रभावशाली बनेगा।



# खाद के लिए छुरिया क्षेत्र के किसान लौट रहे बैरंग

## मामला सेवा सहकारी समिति छुरिया का, किसानों में आक्रोश

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** खेती किसानी कार्य में जुटे किसानों को खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है । आषाढ़ का महीना बीत जाने के बाद सावन का महीना शुरू हो गया लेकिन सेवा सहकारी समिति छुरिया क्षेत्र के लगभग 11 ग्रामों के किसानों को खाद नहीं मिलने से खेती किसानी कार्य में जुटे किसान संकट में पड़ गये हैं । रोजाना सैकड़ों किसानों को बगैर खाद लिए समिति से बैरंग लौटना पड़ रहा है जिससे किसानों में समिति प्रबंधक के रवैये से आक्रोश व्याप्त है । किसानों से मिली जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति छुरिया क्षेत्र का सबसे बड़ा समिति है । इस समिति में लगभग 11 गांव शामिल है । समिति में दो हजार किसानों को पंजीकृत किया गया है, जिन्हें धान की फसल के लिए लगभग दो माह से डीएपी, यूरिया, पोटॉश, राखड़, सुपर फॉस्फेट खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है । बताया जाता है कि समिति क्षेत्र के लगभग एक हजार किसानों को अभी तक एक भी बोरी खाद नहीं मिलने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं । मजबूरन किसानों को बाजार से महंगे दामों में खाद लेना पड़ रहा है । रोजाना सैकड़ों किसान लंबीदूरी तय कर समिति छुरिया पहुंचते हैं जहां खाद उपलब्ध नहीं होने से मायूस किसान बैरंग लौट रहे हैं । वहीं समिति प्रबंधक द्वारा उन्हें खाद उपलब्ध नहीं होने कहा जाता है । तथा किसानों को जब खाद आयेगा तब आना कहा जाता है जिससे समिति प्रबंधक एवं वहां कार्यरत कर्मचारियों के इस रवैये से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।




**डीएपी नहीं, यूरिया पहुंचा**

गुरूवार को छुरिया क्षेत्र के किसानों को पता चला कि समिति में डीएपी की जगह यूरिया खाद पहुंचा है तो वे बड़ी संख्या में पहुंच गये। जहां पहले से ही लाईन लगाये अन्य किसानों को वहां कार्यरत कर्मचारियों ने खाद उपलब्ध होने पर ही खाद दिया जायेगा कहा गया जिससे वे नाराज दिखे । सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लम्बे समय के बाद सेवा सहकारी समिति छुरिया में लगभग 500 बोरी यूरिया खाद पहुंचा है, जिसे बांटने के लिए जद्दोजहद की जा रही है ।

**व्यापारियों ने बढ़ाए खाद के दाम**

छुरिया क्षेत्र के समितियों में डीएपी, यूरिया खाद की कमी होने से दुकानदारों ने खाद के दामों में बेतहाशा इजाफा कर दिया है । जिससे मजबूरन किसानों को महंगे दामों में खाद खरीदना पड़ रहा है ।

## छत्तीसगढ़ में सुशासन नही कुशासन - विक्की पटेल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्की पटेल ने प्रदेश में बढ़ते अपराध पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बने लगभग डेढ़ साल बीत गए इन डेढ़ सालो में विकास तो कही नजर नही आता पर अपराध चारो ओर नजर आता है। साय सरकार सुशासन का ढोल पीट रही पर छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है हत्या, बलात्कार, नशाखोरी अवैध शराब की बिक्री सरेआम हो रही है। ऐसे वातावरण से छतीसगढ़ की जनता अपने आप को असुरक्षित महूसस कर भूपेश बघेल के कार्यकाल को याद करने लगी जहाँ शांति और सदभाव का वातावरण था। भुपेश बघेल कम से कम संस्कृति को और छत्तीसगढ़ की अस्मिता को बचा कर रखे थे ओर छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ीया तयोहार ओर परम्परा को निभा भी रहे थे कि राखी क्या होता है तीज त्योहार क्या होता है ।उन्होंने कहा कि आज आम जनता के साथ सरकारी कर्मचारी भी इस सरकार के रवैये से नाराज हैं। शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हॉस्पिटल विभाग, आदि सभी के कर्मचारियों में साय सरकार के खिलाफ आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। सरकार द्वारा 4000 स्कूलों को बंद कर दिया और शराब भट्टी खोलने का काम जोरो पर किया जा रहा है जो इनके कुशासन की कहानी कह रहा है। पटेल ने कहा कि सरकार की मंशा ही यही है कि यहाँ की जनता अनपढ़ रहे और नशे में चूर रहकर अपराध को बढ़ावा दे। जनता अब पछता रही व अपने आप को ठगा सा महशूस कर रही है। स्कूलों को बंद कर हजारो बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली व अपराध को बढ़ावा देने वाली सरकार को अगले चुनाव में सत्ता से उखाड़कर ही दम लेगी।

# चंद्रिका प्रसाद सिन्हा तीसरी बार अध्यक्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों रायपुर में आयोजित नगरीय निकाय कर्मचारी संघो की बैठक संपन्न हुई। जिसमें राजनांदगांव के चंद्रिका प्रसाद सिन्हा को तीसरी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि लायन श्री सिन्हा का नगरी निकाय के अधिकारियों कर्मचारियों में उनकीअच्छी पैठ है। उनकीअच्छी पैठ सिन्हा समाज व अन्य समाजो सहित मीडिया में भी है। निगम सचिव रहने के दौरान उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया है उनकी व्यक्तिगत छवि अच्छी होने और वर्षों का कार्य अनुभव होने से संगठन में मजबूती प्रदान करने के लिए उनका नेतृत्व आवश्यक समझा गया है। श्री सिन्हा छत्तीसगढ़ कलार समाज के भी पदाधिकारी रह चुके हैं वह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक जिला उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संयुक्त निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया है इनकी नियुक्ति होने पर श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप, वीरेंद्र परमार, रमेश सोनवानी, हेमंत सिन्हा, सुदेश राय, अमरू राम कतलाम, मोहनलाल सिन्हा, राकेश पात्रे, रोशन पात्रे, रागिनी पात्रे, निशा पात्रे, लता संतोष साहू, ऋषि साहू एवं ईस्ट मित्रों ने शुभकामनाएं दी है।



## गुरु पूर्णिमा पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी का किया गया भावपूरित सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गुरु पूर्णिमा पर्व के पूनित अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका पुष्पा बहन जी का गुरु रुप में भावभीना सम्मान किया गया। शहर के लालबाग स्थित ब्रह्मा कुमारी विश्वविद्यालय में पधारकर लांयस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल , वरिष्ठ समाजसेवी ला0 शारदा तिवारी, कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य आदि ने द्वारा ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी को सनातनी पितांबरी शाल ओढ़ाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। लायंस क्लब के लोगों द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के समस्त लोगों सहित संस्कार धानी के संस्कारी निवासियों की खुशहाली और उज्ववल भविष्य की शुभकामनाएं की। इस पुनीत मौके पर समाज सेवी शारदा तिवारी ने कहा कि अभी समय ठीक नहीं चल रहा है। लोगों को अपने बड़े - बुजुर्गो व गुरुओं के कहे अनुसार रास्ते पर चलना चाहिए और संस्कारिक जीवन जीते हुए जीवन सफल ? व धन्य बनाए । इस दौरान गुरु पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी ग्रहण कराया गया। सम्मान कार्यक्रम अवसर पर महाकाल भक्त राजू डागा ला0संजय तेजवानी ला0 राजा माखीजा ?ला0संजय तेजवानी सहित संस्था के ब्रह्म कुमार मुरली धर? सोमानी, ब्रह्माकुमारी चंदा, प्रभा , रम्भा बहन, आदि बहने उपस्थित थे।



## निधन

**राजेंद्र डेकाते**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खेल युवा कल्याण विभाग जगदलपुर में पदस्थ सहायक संचालक राजेंद्र डिकेट का निधन कल दिनांक 10 जुलाई को राजेंद्र डिकेट को हृदय में तकलीफ होने से रायपुर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया जहां पर कल उनका निधन हुआ उनके निधन से खेल जगत को काफी क्षती हुई आज उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम वारासिवनी ले जाया गया बीच रास्ते में राजनांदगांव में उन्हें रोक कर समस्त खेल संघ के द्वारा खिलाड़ियों के द्वारा साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े कलाकारों के द्वारा एवं खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया एंबुलेंस में जा रही पार्थिव शरीर को राजनांदगांव के महावीर चौक पर रोक कर बास्केटबाल वालीबाल हॉकी एथलेटिक्स और विभिन्न खेल संघ के द्वारा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया गया विदित हो कि राजेंद्र डिकेट ने इस विभाग में नौकरी की शुरुआत ही राजनांदगांव से की थी और इन्होंने खेल एवं खेल के आयोजनों को एक नया रूप दिया था इनकी पद स्थापना जगदलपुर में थी इन्होंने अनेकों उत्कृष्ट कार्य किया है सिंथेटिक ट्रैक्स फुटबॉल का मैदान आर्चरी हॉकी एथलेटिक्स आदि खेलों की उन्होंने काफी प्रोत्साहित किया इस अवसर पर वालीबाल संघ से आबिद बैग सुश्री रेखा पदम संध्या ध्रुव वालीबाल संघ की सचिव ममता गुप्ता रुस्तम अली दिलीप मानिकपुरी asi मसीह हॉकी संघ से फिरोज अंसारी भूषण sao कोच अनुराग श्रीवास्तव सचिन खोबरागड़े सुनील बांसौद खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहायक संचालक एक ए इक्का योगेश द्विवेदी एथलेटिक संघ से प्रदेश एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष रणविजय प्रताप सिंह शैलेंद्र तिवारी कामता प्रसाद यादव जिला कोषालय अधिकारी देवेंद्र चौबे आदि लोग उपस्थित रहे तत्पश्चात वहां पर महावीर चौक पर सभी खेल संघ को नागरिकों के द्वारा एकत्रित होकर 1 मिनट का मौन रखकर भाई राजेंद्र डिकाटे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## धर्म समाचार....

# शिव भक्ति, तपस्या और आत्मिक शुद्धि का पर्व जानिए क्या है सावन का धार्मिक महत्व




सावन सोमवार का व्रत भगवान शिव की कृपा पाने का माध्यम है। यह भक्ति संयम और आत्मशुद्धि की साधना है। इस महीने में समुद्र मंथन भगवान शिव द्वारा विषपान और माता पार्वती की तपस्या जैसी महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं। भक्त गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं और कांवड़ यात्रा करते हैं।

सावन सोमवार का व्रत हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्य दायक और आत्मिक उन्नति देने वाला माना गया है। यह न केवल भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त करने का माध्यम है, बल्कि सावन भक्ति, संयम और आत्मशुद्धि की एक दिव्य साधना भी है।

सावन के सोमवार का व्रत भक्तों को शिव से जुड़ने का एक पवित्र अवसर प्रदान करता है। जहां श्रद्धा, नियम और समर्पण के माध्यम से आत्मा ईश्वर के निकट पहुंचती है।

इस सावन के महीने में अनेक पौराणिक घटनाएं और देवी-देवताओं से जुड़ी दिव्य लीलाएं घटित हुईं, जो आज भी भक्ति, श्रद्धा और साधना के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। आइए जानते हैं सावन में घटित कुछ प्रमुख घटनाएंज्

**समुद्र मंथन और हलाहल विष की कथा**

सावन का महीना भगवान शिव के त्याग और करुणा की याद दिलाता है। जब देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया, तब सबसे पहले उस मंथन से हलाहल नाम का भयंकर विष निकला, जो पूरी सृष्टि को नष्ट कर सकता था। उस समय सारी सृष्टि संकट में थी। तब भगवान शिव ने सबका कल्याण करने के लिए उस विष को स्वयं पी लिया। लेकिन उन्होंने उसे निगला नहीं, बल्कि अपने कंठ में ही रोक लिया। उसी कारण उनका गला नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए।

सावन का पवित्र महीना भगवान शिव के इसी त्याग और प्रेम की स्मृति में मनाया जाता है। भक्तगण इस महीने में शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करते हैं, ताकि शिवजी के तप को शीतलता मिले और उनकी कृपा हम सब पर बनी रहे।

**माता पार्वती के तप की पावन कथा**

सावन का महीना माता पार्वती की श्रद्धा, तपस्या और अटल भक्ति का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, माता सती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने का संकल्प लिया था। सती के शरीर त्याग के बाद उन्होंने राजा हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया।

सावन के ही पवित्र महीने में माता पार्वती ने कठोर तपस्या करके भगवान शिव को प्रसन्न किया। उनकी निष्ठा और प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। इसलिए सावन को शिव-पार्वती के पुनर्मिलन और विवाह का पावन समय माना जाता है।

इस महीने में कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना से व्रत रखती हैं। वहीं, विवाहित महिलाएं अपने सौभाग्य और वैवाहिक सुख की प्रार्थना के साथ श्रद्धा भाव से भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करती हैं।

**गंगाजल चढ़ाने की परंपरा**

जब समुद्र मंथन के समय हलाहल विष निकला, तो सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान शिव ने उसे ग्रहण तो किया। मगर, उसे अपने कंठ में ही रोक लिया और उनका कंठ नीला हो गया। तभी से वे नीलकंठ कहलाए। मगर, विष की ज्वाला उनके भीतर जल रही थी। उस अग्नि को शांत करने के लिए देवताओं और ऋषियों ने उन्हें गंगाजल अर्पित किया। गंगा जल शीतलता का प्रतीक है और उसने शिवजी के ताप को ठंडक दी। तभी से यह परंपरा है कि सावन में भक्त गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। यह केवल पूजा नहीं, बल्कि प्रेम, श्रद्धा और आभार का भाव है जिससे भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

**कांवड़ यात्रा की शुरुआत**

पौराणिक कथाओं के अनुसार, कांवड़ यात्रा की शुरुआत ऋषि जमदग्नि के पुत्र भगवान परशुराम ने की थी। मान्यता है कि वे गढ़मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर निकले और उत्तर प्रदेश के पुरा गांव पहुंचकर उन्होंने भगवान शिव का अभिषेक किया। तभी से यह परंपरा चल पड़ी कि सावन के पावन महीने में शिवभक्त कांवड़ में गंगाजल भरकर लंबी यात्रा करते हैं और भगवान शिव को अर्पित करके उनकी कृपा प्राप्त करते हैं। यह यात्रा श्रद्धा, तप और भक्ति का जीवंत प्रतीक बन चुकी है।



**शिव के शांति रूप से खुद को जोड़ें**

सावन सोमवार केवल व्रत नहीं, शिव भक्ति का गहरा साधना-पर्व है। यह मास भगवान शिव के त्याग, करुणा और कृपा की स्मृति है। श्रद्धा, संयम और आस्था से की गई पूजा आत्मा को ईश्वर से जोड़ती है। आइए, इस सावन में शिव के शांति और प्रेम स्वरूप से स्वयं को जोड़ें। ? नम: शिवाय।



## कोरकोट्टी- मदनवाड़ा के शहीदों को शत्- शत् नमन...



# शहादत को सलाम

शहीद दिवस - 12 जुलाई 2025
श्रद्धांजलि कार्यक्रम- समय प्रातः 9 बजे
स्थान - रक्षित केन्द्र, राजनांदगांव

स्थान- पुलिस लाईन, मंगल भवन, राजनांदगांव

**शहीद श्री विनोद चौबे जी**
तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव

कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों...
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों...

**थाना परिवार**
थाना कोतवाली
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना लालबाग
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना बसंतपुर
राजनांदगांव

**रक्षित केन्द्र**
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
यातायात
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना डोंगरगढ़
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना चिचोला
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना छुरिया
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना सोमनी
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना डोंगरगांव
राजनांदगांव

**थाना परिवार**
थाना चिखली
राजनांदगांव

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com